# संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

प्रस्तावक विभाग भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, कार्यान्वयन इकाई बरेली द्वारा जनपद हरदोई के अर्न्तगत प्रस्तावित शाहजहांपुर-हरदोई–लखनऊ मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग–सं0–731) किमी0 40.00 से 88.750 के मध्य कुल 48.750 कि0मी0 की दूरी में मार्ग का 2 लेन पेव्डसोल्डर, चौड़ीकरण एंव सुदृढीकरण से प्रभावित वन भूमि का संयुक्त निरीक्षण दिनॉक–27–12–2021 को वन विभाग के साथ किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय प्रस्तावक विभाग के अधिकृत प्रतिनिधि श्री अमित रंजन चित्रांशी, परियोजना निदेशक, बरेली एवं श्री के के गुप्ता, क्षेत्रीय वन अधिकारी, रेंज शाहजहांपुर, श्री रमा कान्त, क्षेत्रीय वन अधिकारी सिंधौली व श्री डी एस यादव क्षेत्रीय वन अधिकारी खुटार, सामाजिक वानिकी वन एंव वन्य जीव प्रभाग, शाहजहांपुर के द्वारा किया गया। संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट निम्नानुसार हैः–

1– शाहजहांपुर-हरदोई–लखनऊ मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग सं0–731) किमी0 40.00 से 48.750 किमी0 के मध्य कुल 48.750 किमी0 की दूरी में मार्ग के चौड़ीकरण से प्रभावित भूमि क्षेत्रफल–26.4080 हे0 भूमि उ0 प्र0 शासन की विज्ञप्ति सं0–1115/14–331–50, दिनॉक 10 फरवरी 1960 द्वारा रांरक्षित वन घोषित है। गार्ग चौड़ीकरण कार्य 26.4080 हे0 वन भूमि को वनेत्तर कार्य हेतु लिया जाना प्रस्तावित है।

2– प्रस्तावित मार्ग चौडीकरण में बाधक वृक्षो की प्रजातिवार, ब्यासवार सूची संलग्न है।

4– प्रस्तावक विभाग द्वारा वन संरक्षण अधिनियम–1980 का उल्लंघन कार्य नही किया गया है। मार्ग चौड़ीकरण कार्य की अनुमति उच्च स्तर से मिलने के बाद ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

5– भू स्वामित्व विभाग लो0नि0वि0 के स्वामितत्व वाले संरक्षित वन भूमि पर मार्ग चौड़ीकरण से प्रभावित भूमि 26.4080 हे0 भूमि पर अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी, निवास नही कर रहे है तथा वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कोई दावा लम्बित नही है एवं आदिम जनजाति/प्रारम्भिक कृषक समुदाय के हित प्रभावित नही होते है।

6– प्रस्तावित मार्ग के चौड़ीकरण हेतु उपयोग में आने वाली संरक्षित वन भूमि (मार्ग पटरी) क्षेत्रफल 26.4080 हे0 के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नही है तथा आवेदित वन भूमि की मॉग न्यूनतम है।

(के के गुप्ता)
क्षेत्रीय वन अधिकारी
शाहजहांपुर।

(रमा कान्त)
क्षेत्रीय वन अधिकारी
सिंधौली।

(डी एस यादव)
क्षेत्रीय वन अधिकारी
खुटार।

(अमित रंजन चित्रांशी)
**परियोजना निदेशक**
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण,
कार्यान्वयन इकाई बरेली

(आदर्श कुमार)
प्रभारीय निदेशक
सा0 वा0 वन एवं वन्य जीव
शाहजहांपुर।

NH-731